भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 67

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/ 29 आषाढ़, 1948 (शक)

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का कार्यान्वयन

†67. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इसके शुरू होने के बाद से इसके कार्यान्वयन में क्या प्रगति हुई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत देश में पंजीकृत प्रतिष्ठानों और पहली बार के नामांकित कर्मचारियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और कर्नाटक में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में पात्र पहली बार के कर्मचारियों और प्रतिष्ठानों को स्वीकृत और संवितरित कुल वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) विनिर्माण क्षेत्र में शामिल किए गए प्रतिष्ठानों और लाभार्थियों की संख्या कितनी है तथा सतत अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से किए गए सुगमीकरण और जागरूकता उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) रोजगार के औपचारीकरण को बढ़ावा देने और रोजगार क्षमता में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं तथा विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण और कवरेज में तेजी लाने के लिए क्या उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ) : सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने, रोजगार क्षमता को बढ़ाने तथा एमएसएमई एवं ग्रामीण उद्यमों सहित सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1 जुलाई, 2025 को "प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई)" नामक रोजगार-संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को अनुमोदित किया।

इस योजना का उद्देश्य कर्नाटक राज्य सहित पूरे देश में दो वर्षों की अवधि के दौरान 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

यह योजना दो भागों, अर्थात् भाग-क तथा भाग-ख, में विभाजित है तथा प्रोत्साहन के माध्यम से कर्मचारियों एवं नियोजकों, दोनों को सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। योजना के भाग-क के अंतर्गत 1.92 करोड़ पात्र प्रथम बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रावधान है। योजना के भाग-ख के अंतर्गत नियोजकों को लगभग 2.59 करोड़ अतिरिक्त नौकरियों के सृजन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) इस योजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।

देश में इस योजना के कार्यान्वयन के प्रारंभ से जून, 2026 तक, कर्नाटक राज्य सहित राज्य-वार पंजीकरणों तथा संवितरित प्रोत्साहन राशि का ब्यौरा संलग्नक-I में दिया गया है।

कर्नाटक राज्य के लिए, योजना के लागू होने से लेकर जून 2026 तक, इसके भाग क और भाग ख के तहत प्रोत्साहन राशि के संवितरण का ज़िलेवार ब्यौरा संलग्नक-II में दिया गया है।

योजना तथा इसके प्रावधानों का देशभर में बड़े पैमाने पर जनसंपर्क प्रयासों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा समयबद्ध पंजीकरण तथा लाभों के निर्बाध अंतरण को सुगम बनाने के उद्देश्य से मासिक निधि आपके निकट (एनएएन) कार्यक्रमों, एसएमएस/ई-मेल तथा डिजिटल संचार अभियानों सहित विभिन्न जागरूकता एवं हितधारक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

योजना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सुगम बनाने तथा लाभार्थियों एवं क्षेत्रवार प्रगति की वास्तविक समय (रियल-टाइम) निगरानी के लिए एक समर्पित पोर्टल (pmvbry.epfindia.gov.in) विकसित किया गया है। योजना को आसानी से समझने के लिए इस पोर्टल पर योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपी) तथा प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) भी उपलब्ध कराए गए हैं।

**

******

संलग्नक-I

"प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का कार्यान्वयन" के संबंध में श्री बी. वाई. राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

राज्य	पंजीकृत स्थापनों की संख्या	पहली बार नामित	संवितरित राशि (₹)
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	394	1782	5345541
आंध्र प्रदेश	15174	201181	523783881
अरुणाचल प्रदेश	358	1496	2953047
असम	6098	50513	125355211
बिहार	6475	103108	219838617
चंडीगढ़	1563	87015	113984906
छत्तीसगढ	9561	90736	258667225
दादरा और नगर हवेली	1184		53772162
दमन और दीव	708		31766109
दिल्ली	24304	672739	2030062844
गोवा	3037	38271	107413416
गुजरात	43110	699372	2128200675
हरियाणा	25120	628836	1973967726
हिमाचल प्रदेश	6864	64968	145247007
जम्मू और कश्मीर	3417	25950	70073761
झारखंड	7217	71824	255774549
कर्नाटक	**50525**	**1004933**	**3848215490**
केरल	16050	144454	598011263
लद्दाख	87	175	688697
लक्षद्वीप	6		97727
मध्य प्रदेश	18916	204146	493225308
महाराष्ट्र	83864	1747669	5853392358
मणिपुर	430	2024	4074450
मेघालय	364	5564	14524610
मिजोरम	88	846	2566609
नागालैंड	210	1676	5175873
ओडिशा	15052	130632	449658648
पुदुचेरी	1452		32977327
पंजाब	15752	88363	413511448
राजस्थान	24940	303902	731656585
सिक्किम	351	2696	15075289
तमिलनाडु	57901	938946	3008034135
तेलंगाना	25960	530554	1634499416
त्रिपुरा	595	3664	13378937
उत्तर प्रदेश	39452	498122	1741415761
उत्तराखंड	7310	126979	282535812
पश्चिम बंगाल	35038	343452	942887340
कुल	**548927**	**8816588**	**28131809760**

संलग्नक-II

"प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का कार्यान्वयन" के संबंध में श्री बी. वाई. राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

राज्य	ज़िला	भाग - क धनराशि संवितरित	भाग-ख लाभ संवितरित
कर्नाटक	बेंगलुरु (बैंगलोर) शहरी	₹ 802,447,672	₹ 2,367,168,185
	बागलकोट	₹ 3,884,141	₹ 13,810,819
	बेंगलुरु ग्रामीण	₹ 30,358,778	₹ 66,323,892
	बेलगांव	₹ 15,982,145	₹ 29,321,626
	बेल्लारी	₹ 12,187,444	₹ 34,325,260
	बीदर	₹ 1,834,227	₹ 5,545,559
	चामराजनगर	₹ 743,473	₹ 1,155,133
	चिकबल्लपुर	₹ 1,863,316	₹ 5,530,293
	चिकमंगलूर	₹ 3,162,146	₹ 4,088,034
	चित्रदुर्ग	₹ 1,822,702	₹ 6,773,822
	दक्षिण कन्नड़	₹ 26,039,520	₹ 50,265,522
	दावनगेरे	₹ 4,993,603	₹ 11,569,620
	धारवाड़	₹ 15,653,685	₹ 24,675,810
	गडग	₹ 865,640	₹ 914,139
	हसन	₹ 4,493,281	₹ 5,255,845
	हावेरी	₹ 4,641,224	₹ 7,624,888
	कलबुर्गी	₹ 2,802,283	₹ 22,430,568
	कर्नाटक	₹ 27,394	
	कोडागू	₹ 4,338,108	₹ 2,026,190
	कोलार	₹ 4,921,389	₹ 16,028,493
	कोप्पल	₹ 1,578,794	₹ 2,890,879
	मंड्या	₹ 2,703,932	₹ 5,318,540
	मैसूर	₹ 24,406,680	₹ 40,567,111
	रायचूर	₹ 2,843,895	₹ 8,783,368
	रामनगर	₹ 6,191,309	₹ 14,801,159
	शिमोगा	**₹ 8,052,793**	**₹ 7,041,645**
	तुमकुर	₹ 9,053,762	₹ 27,568,958
	उडुपी	₹ 12,632,075	₹ 31,720,655
	उत्तर कन्नड़	₹ 3,052,985	₹ 3,264,039
	विजयपुरा	₹ 3,498,145	₹ 13,338,287
	यादगीर	₹ 411,602	₹ 599,008
कुल		₹ 1,017,488,143	₹ 2,830,727,347

****